कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 08.05.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

श्री राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 07.05.2024 को सायं कालीन को वक्त 08.00 पीएम से 11.00 पीएम तक 185 एमवी एक्ट, 60 पुलिस एक्ट व आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही अभियान चलाया गया

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में समस्त थाना अधिकारियों को अपने–अपने थाना क्षेत्र में स्थित शराब की दुकानों की चेकिंग करना, अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करना, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 185 एमवी एक्ट में कार्यवाही, शराब के ठेको के आसपास व सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध 60 पुलिस एक्ट की अधिकाधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए।

सायं कालीन गश्त के दौरान समस्त पुलिस थानो, यातायात इंटरसेप्टर वाहनों एवं आर्ट (एण्टी रोमियो टीम) वाहनों द्वारा 185 एमवी एक्ट में कुल 12 वाहन चालकों का शराब पीकर वाहन चलाने पर कार्यवाही की गई तथा शराब के ठेको के आसपास व सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध 60 पुलिस एक्ट में 16 कार्यवाही की गई।

आमजन से आग्रह है कि आपके क्षेत्र में गैर कानूनी गतिविधियों या अवैध शराब बिक्री की जानकारी उपलब्ध होने पर तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष 100/112 पर सूचित करें।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।